# नागनदेवरी कांड में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

**सिवनी नवभारत। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीने और न्याय का अधिकार देता है, लेकिन सिवनी जिले के धूमा थाना अंतर्गत नागनदेवरी (बंधा) ग्राम की घटना ने इन संवैधानिक मूल्यों पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। एक 21 वर्षीय युवती द्वारा कीटनाशक पीकर की गई आत्महत्या और उसके मृत्यु पूर्व वीडियो बयान के बावजूद मुख्य आरोपी रूपेश सिरवैया की गिरफ्तारी न होना, पुलिस प्रशासन की निष्पक्षता पर गहरा संदेह उत्पन्न करता है।**

मृत्यु पूर्व बयान: न्याय के समक्ष सबसे बड़ा साक्ष्य

कानूनी परिप्रेक्ष्य में, मृतका का अंतिम बयान न्याय प्रक्रिया की रीढ़ माना जाता है। वीडियो में मृतका ने स्पष्ट रूप से आरोपी रूपेश सिरवैया का नाम लिया है, जो कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत एक अत्यंत सशक्त साक्ष्य है। इसके बावजूद, हफ्तों बीत जाने के बाद भी आरोपी की फरारी पुलिस की सूचना तंत्र और कार्यकुशलता पर एक बड़ा तमाचा है।

### पुलिस की भूमिका और ड्यूटी में लापरवाही

धूमा थाना पुलिस और विशेष रूप से निरीक्षक डोमन सिंह मरावी की भूमिका इस पूरे प्रकरण में संदेहास्पद नजर आ रही है। परिजनों का आरोप है कि घटना से पूर्व भी आरोपी के परिजनों (रवि और राजा सिरवैया) द्वारा दी गई धमकियों की शिकायत की गई थी,




किंतु पुलिस की निष्क्रियता ने अपराधी के हौसले बुलंद किए। सवाल यह उठता है कि क्या रसूखदार पृष्ठभूमि और राजनीतिक संरक्षण के कारण कानून के हाथ बंधे हुए हैं? क्षेत्र में चर्चा है कि आर्थिक लेन-देन और ऊपरी दबाव ने पुलिस की जांच की दिशा मो? दी है। यदि रक्षक ही मूकदर्शक बन जाएं, तो आम जनता का कानून पर से विश्वास उठना लाजमी है।

### सामाजिक आक्रोश और आगामी रणनीति

इस घटना को लेकर साहू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। अनिल गोल्हानी (अध्यक्ष, साहू समाज एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष) ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पष्ट किया है। हम बेटी को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रशासन की सुस्ती अस्वीकार्य है। जल्द ही समाज की एक वृहद बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें न्याय न मिलने की स्थिति में बड़े आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

### प्रशासन के लिए चेतावनी

लोकतंत्र में कलम और जनशक्ति सबसे बड़े प्रहरी होते हैं। यदि धूमा पुलिस तत्काल प्रभाव से मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित नहीं करती और इस मामले में संलिप्त अन्य संदिग्धों पर कार्रवाई नहीं होती, तो यह मामला केवल एक आपराधिक घटना तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप ले लेगा। अब समय समझौते का नहीं, बल्कि संविधान की सर्वोच्चता सिद्ध करने का है।

**नारी शक्ति बनाम जमीनी हकीकत**

एक तरफ सरकार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी सुरक्षा के बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ धूमा जैसे मामलों में पीड़ित परिवार को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी के पास दो हार्वेस्टर होने और राजनीतिक रसूख होने के कारण वह पूर्व में भी कई अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है, लेकिन रसूख के कवच ने उसे हर बार बचा लिया। जब पुलिस साक्ष्यों के बावजूद आरोपी को पकड़ने में विफल रहती है, तो यह माना जाता है कि व्यवस्था न्याय नहीं, बल्कि अपराधी का संरक्षण कर रही है।



## रेलवे संघर्ष समिति ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**सिवनी नवभारत।** रेलवे संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप बैश एवं राष्ट्रीय महासचिव अतुल मालू प्रमोद यादव शक्ति जडेजा विपिन यादव अनिकेत भारद्वाज सहित अनेक लोगों की उपस्थिति में ज्ञापन सोपा गया जिसमें सिवनी से रेलवे विस्तार को लेकर ज्ञापन सोपा गया। अपने जापान में कहा गया है कि सिवनी बरघाट कटंगी नई रेल लाइन का सर्वे स्वीकृत कराया जाए रामटेक खवासकुराई सिवनी छपारा लखनादौन धूमा होते हुए सुखी जबलपुर नवीन रेलवे लाइन का निर्माण प्रारंभ किया जाए मंडला नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा अमला रेलवे मार्ग का दोहरीकरण किया जाए जबलपुर से लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा नई पैसेंजर रीवा पुणे एक्सप्रेस प्रारंभ की जाए इनकी अतिरिक्त सुपरफास्ट ट्रेनों की स्टेशनों मेंअल्प समय के लिए स्थापित प्रारंभ किए जाएं उक्त मांग को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया गया है इस दौरान विष्णु करोसिया ध्रुव नारायण चौधरी डालचंद बर्वे मुनिया टांक सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

**एक नजर में**

### कांग्रेस का शांतिपूर्ण पैदल मार्च 26 को

सिवनी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा की वादाखिलाफी एवं राजनीतिक छल एवं भाजपा की महिला विरोधी घृणित मानसिकता के विरोध में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की मांग को लेकर 26 अप्रेल दिन रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में प्लेटिना प्लाजा, माता मंदिर, टॉप एंड टाउन होते हुए रोशनपुरा चैराहे तक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकालने का निर्णय लिया गया है। जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकरियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पंहुचकर, जन आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।


### 18 जून को होगा फोटो युक्त मतदाता सूची का प्रकाशन

सिवनी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। एक जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण होगा। फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति और जिला स्तरीय प्रशिक्षण 27 अप्रैल तक किया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 15 मई 2026 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां 25 मई तक ली जाएंगी। प्राप्त दावे- आपत्तियों का निराकरण 30 मई तक किया जाएगा। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून 2026 को किया जाएगा।

## कृषि सखी ने नोडल अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

**एसपी से शिकायत, कार्रवाई नहीं होने से बढ़ी चिंता**

**सिवनी नवभारत।** जिले के कुरई विकासखंड अंतर्गत ग्राम कटंगी बंजर की निवासी एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) में कृषि सखी के रूप में कार्यरत 28 वर्षीय धनवती धुर्वे ने एक नोडल अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) से न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में बताया कि राकेश जोलदेव नामक व्यक्ति, जो कथित रूप से फर्जी तरीके से मोगली सीएलएफ का नोडल अधिकारी बनकर कार्य कर रहा था, द्वारा लंबे समय से अभद्र व्यवहार किया जा रहा था। आरोप है कि वह अश्लील हरकतें करता



था, गंदी नजरों से देखता था तथा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित करता रहा।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति ने बिना सूचना दिए उसका गोपालगंज स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का खाता बंद करवा दिया। जब वह 13 अप्रैल 2026 को बैंक में राशि निकालने पहुंची, तब उसे इस बात की जानकारी मिली। इस संबंध में जब उसने आरोपी से बात की, तो उसके साथ सार्वजनिक रूप से गाली-गलौच की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई।

धनवती धुर्वे के अनुसार, उन्होंने 13 अप्रैल को ही थाना लखनवाड़ा में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे आरोपी के हौसले और बढ़ गए हैं तथा उन्हें भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका सता रही है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना लखनवाड़ा पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि आरोपी के खिलाफ शीघ्र कानूनी कार्रवाई हो सके।

## मोहबर्रा में गहराया भीषण जल संकट

**उगली नवभारत।** भीषण गर्मी में पेय जल की समष्या से झूझते ग्रामीण.. सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी मुख्यालय के उगली उप तहसील से महज 2 किलोमीटर की दूरी मोहबर्रा ग्राम पंचायत जो जनसंख्या के दृष्टिकोण से एक बड़ी पंचायतों में शुमार है, जहां विगत दिनों से पानी की भीषण समस्या बनी हुई है, ग्रामीणों को ना पीने का जल उपलब्ध हो रहा है, बल्कि भीषण जल संकट के अभाव में ग्राम पंचायत भी अपने स्तर पर सुविधाओं को देने में जद्दोजहद करती नजर आ रही है। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत मोहबर्रा की सरपंच महोदया, उप सरपंच और सचिव और ग्रामीणों से जब क्षेत्रीय संवाददाता रूबरू हुए तो जानकारी लगी की, मोहबर्रा ग्राम में एक दिन के अंतराल में नल जल की सप्लाई के आधार पर पानी की उपलब्धता की जा रही है, पहले ऐसा नहीं होता था, जिस पानी की टंकी को भरने का स्रोत है, वहां एक बगाड़ी कुआं से नियमित जलापूर्ति होती थी, उसके निकट के किसानों के द्वारा नजदीक बोरिंग करवाया गया हैं, जिन्होंने रवि की फसलें लगा रखे हैं, जिसके आधार पर गहरे बोरवेल का उत्खनन हुआ है, जहां लगातार 24 घंटे रवि की फसल के लिए किसानों की मोटर चलती हैं,जिससे इस बगाड़ी कुआं का जलस्तर गिर चुका है, एक जमाने में इस बगाड़ी कुआं मोहबर्रा और आसपास के क्षेत्र के लिए वरदान साबित होती थी, लेकिन गहरे नलकूप खनन, बोरवेल्स के कारण पानी का जलस्तर लगभग समाप्त हो चुका है, जिसके आधार पर एक दिन के अंतराल में पानी की उपलब्धता करवाई जा रही है, जिसको लेकर मोहबर्रा ग्राम में जल संकट गहराया हुआ है, वर्तमान में सुखा जल अभाव ग्रसित सिवनी जिला को विगत 15 मार्च से कलेक्टर महोदय के द्वारा किया गया है, जिसके आधार पर नल जल के खनन बोरिंग जिले में प्रतिबंधित भी है। ग्राम पंचायत का कहना है, कि शासन प्रशासन यदि नलकूप खनन की परमिशन दे देते हैं, तो कुआं के निकट एक बोर कर इस समस्या का निवारण किया जा सकता है, अभी अप्रैल माह का दूसरा पखवाड़ा ही है, और पूरा मईऔर जून बाकी है, हिंदू महीने के अनुसार इस बार दो जेठ भी पड़ेंगे और भीषण गर्मी से जूझना पड़ेगा, मानसून के आने से पूर्व दिनों दिन बढ़ते टेंपरेचर के कारण पानी की समस्या और भी भीषण और गंभीर होने वाली है। प्रशासन से ध्यान देने की मांग की गई है।

## पीएम आवास योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों की समस्या लेकर कलेक्टर से मिले पार्षद

**छपारा नवभारत।** नगर परिषद छपारा के विभिन्न वार्डों में वर्षों से निवास कर रहे सैकड़ों गरीब परिवार आज भी शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। इस गंभीर जन समस्या को लेकर गुरुवार, 23 अप्रैल को नगर परिषद छपारा के पार्षदों ने सिवनी की नवागत कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर को सौंपे गए पत्र में पार्षदों ने बताया कि छपारा नगर के सभी 15 वार्डों में ऐसे अनेक परिवार हैं जो पिछले 30 से अधिक वर्षों से शासकीय आबादी भूमि पर पट्टे के आधार पर निवास कर रहे हैं। ये परिवार नियमित रूप से नगर परिषद को मकान टैक्स, जलकर व अन्य करों का भुगतान भी कर रहे हैं। इसके



बावजूद, त्रुटिपूर्ण राजस्व रिकॉर्ड सर्वे, मद परिवर्तन और नक्शा सुधार कार्य न होने के कारण इन पात्र हितग्राहियों को अपात्र घोषित कर सूची से बाहर कर दिया गया है। पार्षदों ने अवगत कराया कि इनमें से अधिकांश परिवार अनुसूचित जाति, जनजाति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं, जो मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। वर्तमान में ये लोग कच्चे खपरैल वाले मकानों में रहने को मजबूर हैं। दस्तावेज़ उपलब्ध होने के बाद भी तकनीकी खामियों के कारण उन्हें पक्का मकान बनाने के लिए सरकारी सहायता नहीं मिल पा रही है। नवागत कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने पार्षदों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और मामले की गंभीरता को देखते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही कार्यालय द्वारा सभी संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा की जाएगी। मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से पार्षद श्रीमती शिवनिता जितेन्द्र राजपूत, विशाल भारद्वाज, दिनेश उईके एवं राकेश भारद्वाज उपस्थित रहे। पार्षदों ने कलेक्टर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत भी किया और नगर की अन्य मूलभूत समस्याओं पर भी उनका ध्यान आकर्षित कराया।

## टेंट का सामान भरकर जा रही ट्रॉली पलटी, चार घायल स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती

**छपारा नवभारत।** नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर एन एच 44 फोरलेन के ग्राम रणधीर नगर के पास कुरई क्षेत्र गोपालगंज से टेंट का सामान भरकर ग्राम कड़वी आ रही ट्रेक्टर -ट्राली पलट गई जिसमें सवार कुल 6 लोगों में चार को चोटें आई जिन्हें एन एच ए आई की एंबुलेंस ने सूचना पर छपारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया जहां भर्ती कर उपचार किया जा रहा है वहीं पूरे मामले पर छपारा पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को दोपहर लगभग 4:30 बजे गोपालगंज से टेंट हाउस का सामान भरकर भीमगढ रोड़ स्थित ग्राम कड़वी में आगामी 26 अप्रैल को शादी समारोह के आ रहे थे कि एन एच 44 फोरलेन सड़क के ग्राम रणधीर नगर के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्डे में पलट गई जिसमें शुभम पिता विनोद उईके, ,राजेश मर्सकोले पिता जीवन लाल मर्सकोले, संजय मर्सकोले पिता ड्राईवर गोविंद पटेल और गोलु गोपालगंज निवासी को इस दुर्घटना में मुंह, हाथ,सिर और पैर अंगों में चोटें आई हैं।



## मातृधाम का 30वां पाटोत्सव 26 को, मां भगवती का होगा विशेष पूजन अर्चन

**सिवनी नवभारत।** छिंदवाड़ा रोड स्थित मातृधाम शक्तिपीठ जहां सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्माचार्य भगवत्पूज्यपाद धर्मसम्राट् अनंतश्री विभूषित ज्योतिष् एवं द्वारका-शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज ने जन्मदात्री माता पूज्यनीय श्री गिरिजा देवी के पावन जन्म स्थान में परमराध्या भगवती श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के साथ अपनी मां को प्रतिष्ठित कर पूरे विश्व को मातृदेवोभव का महान सनातनी संदेश दिया। न मातुः परदैवतम् मां से बढ़कर कोई देवता नहीं। मां के ऋण से कोई भी मुक्त हो सकता। माता ही सर्वत्र वंदनीय है यह दिव्य भाव को महिमा मंडित करता मातृधाम दिव्य शक्तिपीठ आस्था और विश्वास का महान केंद्र है।





मातृधाम समय-समय पर विविध धार्मिक आयोजन अनुष्ठान संपन्न होते रहते हैं। उक्त जानकारी देते हुये धर्मवीर अजित गौरीशंकर तिवारी ने बताया मातृधाम मंदिर का 30 वां पाटोत्सव वैशाख शुक्ल दशमी 26 अप्रैल 2026 रविवार को मनाया जावेगा। इस शुभावसर पर प्रातः 10 बजे मातृधाम में विराजमान श्रीयंत्र एवं श्रीविद्या की अधिष्ठात्री श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुंदरी महारानी का विशेष पूजन, सहस्त्रार्चन, दस महाविद्यायें,बटुकभैरव, नवग्रह, श्री अंबिकेश्वर महादेव, श्री ललितेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक एवं इष्टसिद्धि हनुमान जी का विशेष पूजन होगा। परमाराध्य श्री गुरुदेव भगवान धर्मसम्राट् द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के श्रीचरणपादुकाओं का पूजन कर पावन स्मरण किया जावेगा। पाटोत्सव पर मातृधाम में भजन जस एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है। श्रद्धालुओं इस अवसर पर उपस्थित हो एवं पुण्य लाभ अर्जित करने अनुरोध किया गया है।

## विधि महाविद्यालय में साइबर जागरूकता व महिला सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**सिवनी नवभारत।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के द्वितीय चरण के अंतर्गत शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी में साइबर जागरूकता एवं महिला सुरक्षा विषय पर विशेष व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस विभाग से टाउन इंस्पेक्टर ओमश्वर ठाकरे (प्रभारी, पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए साइबर अपराधों और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में जहां तकनीक ने जीवन को सरल बनाया



है, वहीं साइबर अपराधों में भी तेजी से वृद्धि हुई है, जिसमें महिलाएं अक्सर निशाना बनती हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाना, अश्लील संदेश भेजना, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग, म्यूल अकाउंट, डिजिटल अरेस्ट और बैंक फ्रॉड जैसे अपराधों के प्रति सावधान रहने की आवश्यकता बताई। साथ ही यह भी कहा कि कई बार महिलाएं डर या संकोच के कारण शिकायत दर्ज नहीं करातीं, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। ऐसे में जागरूकता और समय पर शिकायत करना बेहद जरूरी है।

विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के तहत ओटीपी, पासवर्ड और बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी गई। इसके साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, 'साइबर दोस्त', एनसीआरपी और सीईआईआर पोर्टल जैसी सेवाओं के उपयोग की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में करियर काउंसिलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण के लिए मार्गदर्शन दिया गया। आकाशवाणी, दूरदर्शन, समाचार पत्र, रोजगार निर्माण और विभिन्न पत्रिकाओं के अध्ययन की उपयोगिता समझाई गई। साथ ही महाविद्यालय की सांस्कृतिक, साहित्यिक, सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास और इंटरव्यू की तैयारी पर भी व्यावहारिक सुझाव दिए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के पालन की नैतिक शिक्षा भी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार चौरासे सहित समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

**आयोजन** सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज बरघाट में जयंती संपन्न, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद सिवनी का हुआ सम्मान

# सामाजिक मंगल भवन के ऊपरी तल निर्माण का लिया संकल्प

**बरघाट नवभारत।** जिले के सबसे पुराने संगठन सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज बरघाट में भगवान परशुराम जयंती भक्ति भाव व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुई। संगठन मंत्री संजय तिवारी ने बताया की सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज बरघाट में 20 अप्रैल को जयंती मनाई गई। नगर के शारदा मंदिर शांति नगर में सुबह 10 बजे पंडित सुरेश मिश्रा द्वारा शास्त्रीय विधि से भगवान परशुराम जी पूजन महिला अध्यक्ष श्रीमती सोनाक्षी शर्मा सहपति के यजमान द्वारा संपन्न हुआ।

सभी विप्र समाज के मंगल भवन पहुंच कर पूज्य जगतगुरु स्वामी शंकराचार्य जी महाराज के छायाचित्र में माल्यार्पण कर सर्वप्रथम अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद सिवनी से पधारे श्री ताराचंद मिश्रा (संभागीय उपाध्यक्ष)



संजय मिश्रा (जिला संयोजक) ब्रजकिशोर शर्मा (सहसचिव) व अन्य जिला पदाधिकारी का स्नेहपूर्वक सम्मान किया गया। इसके पश्चात संगठन सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिसमे उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी जी की कविता व नन्ही बेटियो की प्रस्तुति मनमोहक रही। सिवनी संगठन से पधारे पदाधिकारियों ने नगर में निर्मित बिना सामाजिक सहयोग के सामाजिक मंगल भवन निर्माण को समाज में ऐतिहासिक रचनात्मक कार्य बताया। संजय मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज की कार्यप्रणाली सरहनीय है जो सामाजिक सहयोग के बिना रचनात्मक कार्य करने के लिए जिले प्रदेश में एक उदाहरण है की समाज में कुछ अच्छा करने का भाव होना चाहिए तो अच्छा होना निश्चित हो ही जाता है।

संगठन अध्यक्ष चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने सामाजिक मंगल भवन के ऊपरी तल निर्माण का संकल्प अपनी कार्यकारणी के साथ लिया। अध्यक्ष ने बताया की आगामी समय में हम सामाजिक रोजगार योजना जैसे कार्यक्रम पर विचार कर रहे है नगर से हमे ज्यादा सहयोग प्राप्त नहीं हो पाता है जिस कारण हम अन्य समातर ब्राह्मण संगठनों के साथ मिलकर इस प्रकार के कार्यक्रम को संचालित करने का प्रयास कर रहे है। अंत में संगठन के संरक्षक नरोत्तम प्रसाद परोहा बाबू जी द्वारा कार्यकारणी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि समाज में आप लोग ऐसा कार्य करे जिसका लाभ समाज को प्राप्त हो ऐसे कार्यों के लिए परोहा परिवार हमेशा सहयोगी रहेगा। अंत में सभी सदस्यों ने सामाजिक भोज ग्रहण किया। संगठन सदस्य रवि उपाध्याय ,विश्वनाथ उपाध्याय, नरेंद्र उपाध्याय, सुभाष शर्मा, अविनाश तिवारी, प्रभु दयाल तिवारी, रक्षानंद झा, ओमप्रकाश तिवारी, आदित्य शर्मा, गगन शर्मा, सहित सभी सदस्यों ने भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दी।

## 5 दिन से उपज लेकर खड़े किसान, भाड़ा और समय हो रहा बर्बाद

**सिवनी नवभारत।** सहकारी समिति सीलादेही द्वारा संचालित गेहूं खरीदी केंद्र बाघराज में व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है। केंद्र प्रभारी द्वारा वेयर हाउस संचालक पर लगाए गए आरोपों के चलते खरीदी कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, दिवाकर वेयर हाउस में 15 अप्रैल से गेहूं खरीदी शुरू की गई थी, लेकिन पिछले दो दिनों से खरीदी पूरी तरह बंद है। खरीदी केंद्र प्रभारी भीकम सनोदिया ने बताया कि वेयर हाउस संचालक द्वारा हमालों (मजदूरों) से आधार कार्ड मांगा जा रहा था तथा यह भी कहा गया कि यदि तौल में कमी या बोरी में गड़बड़ी हुई तो उसकी भरपाई हमालों से कराई जाएगी। इस शर्त से नाराज होकर हमालों ने 22 अप्रैल से काम पर आना बंद कर दिया, जिसके चलते खरीदी कार्य ठप हो गया। वहीं, समिति के



प्रशासक सुरेंद्र बघेल ने बताया कि प्रबंधक द्वारा यह जानकारी दी गई थी कि बिहार से हमाल बुलाए गए हैं और भोजन के बाद तुलाई शुरू होगी, लेकिन मौके पर पहुंचने पर कोई भी हमाल मौजूद नहीं मिला। इस संबंध में प्रभारी ने कहा कि हमाल नागपुर से आ रहे हैं और जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा।

स्थिति यह है कि वेयर हाउस के बाहर से गुजरने वाले एनएच-44 पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतार लग गई है। करीब 30 से अधिक ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़े हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है और विशेषकर रात के समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। 15 अप्रैल से 23 अप्रैल तक महज 3 हजार क्विंटल गेहूं की ही खरीदी हो सकी है, जिससे किसान अपनी उपज की तुलाई को लेकर चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि वे 4 से 5 दिनों से अपनी उपज लेकर खरीदी केंद्र पर खड़े हैं। कई किसान किराए के ट्रैक्टरों में अनाज लेकर पहुंचे हैं, जिससे उनका खर्च लगातार बढ़ रहा है। यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। केंद्र में बड़े कांटे (वजन मशीन) की उपलब्धता के बावजूद तुलाई नहीं किए जाने पर प्रभारी ने बताया कि उच्च अधिकारियों द्वारा इसका उपयोग करने से मना किया गया है।